# ब्रिटिश नौसेना द्वारा भारतीय मछुआरों की हिरासत

[स्रोत: द हिंदू](#)

**ब्रिटिश नौसेना** ने **डिएगो गार्सिया के** निकट **15 भारतीय मछुआरों को समुद्री सीमा पार करने** के आरोप में **हिरासत** में लिया।

- यह एक **व्यापक मुद्दा** है और **अक्सर तमिलनाडु के मछुआरों को** अक्सर **श्रीलंकाई नौसेना** तथा **ब्रिटिश नौसेना** द्वारा हिरासत में लिया जाता है, जिससे उनकी आजीविका एवं सुरक्षा प्रभावित होती है।

## डिएगो गार्सिया:

- **डिएगो गार्सिया हिंद महासागर** में स्थित है और यह **चागोस द्वीपसमूह** का **सबसे बड़ा द्वीप** है।
- चागोस **द्वीपसमूह** कभी **मॉरीशस का हिस्सा** था लेकिन **वर्ष 1965 में इसे अलग करके ब्रिटिश हिंद महासागर क्षेत्र (BIOT)** बना दिया गया।
  - इसका प्रशासन ब्रिटेन के पास है लेकिन **सैन्य उद्देश्यों के लिये इसे वर्ष 1966** में **अमेरिका** को **पट्टे पर दे दिया** गया था। वर्ष 1986 में यह पूरी तरह से संचालित **सैन्य अड्डा** बन गया।
- **वर्ष 2001 में अमेरिका पर अल-कायदा के 11 सितंबर के हमलों के बाद आतंकवाद के खिलाफ अमेरिका के विदेशी युद्ध** अभियानों में यह एक महत्त्वपूर्ण स्थान रहा।
- **अक्तूबर 2024** में **ब्रिटेन, चागोस द्वीपसमूह** की संप्रभुता **मॉरीशस** को **सौंपने** पर सहमत हुआ लेकिन इसने **डिएगो गार्सिया** पर **संप्रभु अधिकार** बनाए रखने का प्रस्ताव रखा।




**और पढ़ें:** [चागोस द्वीपसमूह और डिएगो गारसिया द्वीप]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/indian-fishermen-detained-by-british-navy

दृष्टि The Vision